(i) परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनन गतिविधि शुरू करने से पहले **कच्ची सड़क से 50 मीटर तक**" नो माइनिंग जोन" के रूप में हरित क्षेत्र विकसित किया जायेगा एवं उक्त क्षेत्र का सीमांकन राजस्व अधिकारियों द्वारा एवं खनिज अधिकारी की उपस्थिति में किया जायेगा। परियोजना प्रस्तावक द्वारा सीमांकन के उपरांत खनन योग्य उपलब्ध क्षेत्र की पुर्नरीक्षित खनन योजना तैयार कर सक्षम प्राधिकारी से अनिवार्यतः अनुमोदन प्राप्त किया जाये।

(ii) **परियोजना प्रस्तावक लीज में विद्यमान 30 पेडों में से 10 पौधों के क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण के तहत रोपित किये गये 100 अतिरिक्त पौधों का समुचित लीज अवधि में वन विभाग के समन्वय से संपूर्ण रखरखाव किया जाये।**

(iii) परियोजना प्रस्तावक द्वारा जहा तक संभव हो परंपरागत उर्जा स्त्रोत की जगह नवकरणीय उर्जा का उपयोग सुनिश्चत किया जाये।

(iv) **परियोजना प्रस्तावक द्वारा निम्नानुसार तालिका में दर्शित वृक्षारोपण कार्यक्रम के अनुसार (सतत् सिंचाई, मृत पौधों का बदलाव तथा रख–रखाव के साथ) पौधों का रोपण 06 माह में पूर्ण कर SEIAA कार्यालय को अनुपालन प्रतिवेदन सहित अवगत कराया जाये, यदि निर्धारित समयावधि में परियोजना प्रस्तावक द्वारा सम्पूर्ण वृक्षारोपण नहीं किया जाता है तो पर्यावरण स्वीकृति निरस्त कर दी जायेगी।**

| प्रस्तावित वृक्षारोपण के लिए नियत स्थान | पौधों की प्रजातियॉ | मात्रा (संख्या में) |
|---|---|---|
| **खदान के बैरियर जोन में** | **महारूख, करंज, सलाई, नीम, खमेर, चिरौल, सिस्सू करंज एवं सीताफल एवं अन्य स्थानीय प्रजातीयां** | 800 |
| **खदान के परिवहन मार्ग में वृक्षारोपण (पौंधो की न्यूनतम ऊंचाई 01 मीटर)** | **कला सिरस, नीम, शीशम (सिस्सू) एवं अन्य स्थानीय प्रजातीय एवं अन्य स्थानीय प्रजातीयां ट्री-गार्ड के साथ** | 600 |
| **खोरिया पदमा स्कूल**ए प्रायमरी हेल्थकेयर **एवं आगनवाडी के प्रांगण में** | **नीम कदम, पीपल, करंज एवं अशोक एवं अन्य स्थानीय प्रजातीयां** | 150 |
| **खोरिया-पदमा एवं नलखेडा के ग्राम वासियों में पौंधो का वितरण साथ ही 500 पौधे मुनगा के** | **जामुन, मुनगा, कटहल नीबू एवं अमरुद एवं अन्य स्थानीय प्रजातीयां** | 2030 |
| | योग | **3580** |

(v) परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. के तहत निर्धारित बजट अनुसार निम्नलिखित गतिविधियों का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा :–

- ग्राम खोरियापदमा के आंगनबाडी केन्द्र की मरम्मत एवं रिनोवेशन किया जाये।
- ग्राम खोरियापदमा के शासकीय प्राथमिक स्कूल में टेबल और कुर्सी एवं 02 कम्प्यूटर उपलब्ध कराये जायें।
- ग्राम बोलखेड़ा के ग्रामवासियों हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाये एवं ओरल हाईजीन बच्चों को दिया जाये।
- ग्राम के समीपस्थ क्षेत्र में वर्षा जल संचय का कार्य किया जावे एवं मौजूद जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं जीणोद्धार किया जाये, जिससे कि ग्राम की आवश्यकतानुसार एवं किये गये वृक्षारोपण हेतु समुचित जल की व्यवस्था हो सके।

